# సైబర్ నేరాలతో అప్రమత్తంగా ఉండాలి

**కాచిగూడ, న్యూస్‌టుడే:** సైబర్ నేరాల పట్ల యువత అప్రమత్తంగా ఉండాలని సైబర్ క్రైమ్స్ డీసీపీ అరవింద్ బాబు అన్నారు. మంగళవారం కాచిగూడలోని బీబీసీఐటీలో సైబర్ నేరాలపై విద్యార్థులకు ఏర్పాటు చేసిన అవగాహన కార్యక్రమంలో ఆయన మాట్లాడారు. ఆన్‌లైన్ క్రీడలు, బెట్టింగ్ తదితర వాటికి దూరంగా ఉండాలని సూచించారు. అపరిచిత వ్యక్తులకు వ్యక్తిగత సమాచారాన్ని ఇవ్వద్దని, ఫోన్లకు వచ్చే లింకులు డౌన్‌లోడ్ చేసుకోవద్దని పేర్కొన్నారు. సుప్రియ కాకర్ల, సత్యనారాయణ, ఎస్సై ఉమ తదితరులు పాల్గొన్నారు.



**డీసీపీ అరవింద్‌బాబుకు సన్మానం**

# बीबीसीआईटी में साइबर सुरक्षा और पीओएसएच जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**हैदराबाद, 23 दिसंबर-(मिलाप ब्यूरो)** बंकटलाल बद्रुका कॉलेज फॉर इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (बीबीसीआईटी) द्वारा हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल के साथ साइबर सुरक्षा और पीओएसएच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज काचीगुड़ा स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साइबर क्राइम, हैदराबाद डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस वी. अरविंद बाबू, रिवाइर 360 संस्थापक सुप्रिया काकरला, हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल के सत्यनारायण और साइबर क्राइम सब-इंस्पेक्टर उमा उपस्थित थे। डीसीपी अरविंद ने साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि ऑनलाइन ज्यादा समय बिताना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने छात्रों से भविष्य को आकार देने के लिए कॅरियर पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया। उन्होंने उस समय के आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला, जब मोबाइल नहीं थे।



*बीबीसीआईटी में आयोजित साइबर सुरक्षा और पीओएसएच जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते डीसीपी वी. अरविंद बाबू, सुप्रिया काकरला, सत्यनारायण व उमा।*

सत्यनारायण ने ड्रग माफिया, लड़कियों की तस्करी, ऑनलाइन होने वाली मॉर्फिंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में माता-पिता को चेतावनी देने का सुझाव दिया। उन्होंने लड़कियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में सावधान रहने की सलाह दी।

सुप्रिया ने सभी को पीओएसएच अधिनियम, यौन उत्पीड़न और इसके प्रकारों के बारे में बताया। उन्होंने शी बॉक्स, एक ऑनलाइन शिकायत बॉक्स, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा मजबूत बनें और स्पष्ट बोलकर आत्मविश्वासी बनें।

उमा ने वर्तमान में उन साइबर अपराधों पर बात के बारे में जानकारी दी, जो बहुत ही सक्रिय हैं। उन्होंने मेट्रिमोनियल धोखाधड़ी, फेडएक्स-कूरियर धोखाधड़ी, क्रिप्टो करेंसी, इंस्टेंट लोन ऐप, क्रेडिट और डेबिट कार्ड धोखाधड़ी कॉल पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट्स की हैकिंग, कस्टमर केयर (जीपे, फोनपे) और केवाईसी धोखाधड़ी संदेशों के बारे में जागरूकता दी। कार्यक्रम ने छात्रों को साइबर अपराध के कारणों और सावधानियों को समझने में मदद की।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप
